INTERNATIONAL NEWS AND VIEW CORPORATION

INVC

अंतरराष्ट्रीय समाचार एवं विचार निगम

लव के नाम पर फसाद क्यों - लव कमांडो लढ़ेगा सोनिया और रिंकू की जंग !

By : INVC Team Published On : 11 Oct, 2015 07:19 PM IST

आई एन वी सी न्यूज़ नई दिल्ली,

लव कमांडो की हेल्पलाइन नंबर 09313784375 पर 9 अक्टूबर रात करीब 9 बजे घंटी बजी. फ़ोन उठाया लव कमांडो के चीफ को-ऑर्डिनेटर हर्ष मल्होत्रा ने. दूसरी तरफ से एक महिला की रोते हुवे आवाज आई मुझे और मेरे पति को हॉनर किलिंग से बचा लो, ये दरिंदे हमें जान से मर डालेंगे. हर्ष ने कहा बीटा रो नहीं अपना नाम बताओ और कहा से हो. महिला बोली मेरा नाम सोनिया शर्मा है और मैं पुंछ, जम्मू कश्मीर की रहने वाली हूँ . मेरे पति जेल में है और उनका कसूर है की हम दोनों ने पिछले महीने लव मरिज की थी . मैं जम्मू के एक मंदिर में छुप के रहते हुवे अपनी जान व इज्जत बचा रही हूँ.हमारी मदत करो. मैं दिल्ली के बस अड्डे तक पहुच जाउंगी लेकिन आगे क्या हो मुझे नहीं पता . मेरी जान बचा लो प्लीज.

हर्ष ने सोनिआ को दिल्ली आने और बस का नंबर बताने को कहा . सोनिआ ने ये भी बताया की वो ये फ़ोन जम्मू के उस मंदिर में दर्शन के लिए आये किसी यात्री के फ़ोन से कर रही है और बस मिलने के बाद किसी यात्री से अनुरोध करके उसके फ़ोन से नंबर की जानकारी देने की कोशिश करेगी. हर्ष ने कहा बीटा घबराओ नहीं आ जाओ हम पूरी मदत करेंगे .

10 अक्टूबर की सुबह करीब 7 बजे दिल्ली के कश्मीरी गेट बस अड्डे पर लव कमांडोज के कमांडो ट्रेनर श्री सुनील सागर , एक्सपर्ट कमांडो श्री गोविंदा महिला एवं पुरुस कमांडो दस्ते के साथ मौजूद थे और जम्मू से आने वाली हर बस पर निगाह रखे थे. करीब 8 बजकर 13 मिनट पर जे एंड के रोड वेज़ की एक बस से एक महिला उतरी जिसकी आखें इधर उधर किसी को तलाश रही थी. लव कमांडोज़ का दस्त उसके पास पहुंचा और उससे पूछा की क्या वह सोनिया शर्मा है उसने पूछा क्यों और उसे बताया गया की हम लोग लव कमांडोज़ से है उसने अपने छिपे हुवे पर्स से एक कागज निकला और उसमे दर्ज लव कमांडोज़ के हेल्पलाइन नंबर को मिला कर बात करवाने का अनुरोध किया ताकि यह सुनिश्चित हो सके की ये दस्ता वाकये लव कमांडोज़ का है.सोनिआ बहुत डरी सहमी हुई थी और उसके कपडे भी कई दिन के मैले लग रहे थे. उसने हेल्पलाइन नंबर पर कॉल मिलने पर उन्ही अंकल से बात करने को कहा जिनसे उसकी रात को बात हुई थी.इस समय यह कॉल लव कमांडोज़ के देल्ही-एनसीआर चीफ को-ऑर्डिनेटर राजेश जी की लाइन पर आई थी . ज्ञातव्य है की लव काममंडोस हेल्प लाइन के नंबर डायल करने पर आने वाली कॉल बारह जंक्शनो में से उपलब्ध किसी एक खली जंक्शन पर सवत: कनेक्ट हो जाती है .तब उस कॉल को हर्ष जी से कनेक्ट किया गया. उनसे बात होते ही सोनिया की घबराहट कुछ कम हुई और उसने

लव कमांडोज़ दस्ते को कहा की अब आप बताइये कहा ले जाना है.

सोनिया को बस अड्डे की एक दुकान पर पानी चाय और बिस्किट्स खिला पिला कर लव कमांडोज़ दस्ता उसे संगठन के बेश शेल्टर के लिए लेकर रवाना हो गया. शेल्टर पहुँचने पर सबसे पहले कमांडो को-ऑर्डिनेटर श्री सोनू रांगी ने उससे दस्तावेज देखे और फिर उसे संगठन के चेयरमैन श्री संजोय सचदेव के पास ले गए, उन्हें देखते ही सोनिया फूठ फूट कर रोने लगी और बोली की मैंने आपको फिल्म स्टार आमिर खान के शो सत्यमेव जयते में देखा था लेकिन भूल गई थी परन्तु प्रताड़ना के पिछले दिनों में मुझे वो शो याद आया और फिर मैंने मंदिर मे आये एक व्यक्ति से अनुरोध किया की वो अपने फ़ोन के इंटरनेट से तलाश कर आपका नंबर दे दे और उस भले व्यक्ति ने मेरी मदत करदी तथा आपका हेल्पलाइन नंबर दिया तभी मैं जिन्दा यहाँ पहुंच पाई हूँ. दस्तावेज देख कर और उसकी बात सुनके श्री सचदेव चोंक पड़े.

चौकने की वजह थी की उनके पास 19 सितम्बर को एक फ़ोन आया था. फ़ोन करने वाले जम्मू मूल के एक दिल्ली निवासी मुस्लिम सामाजिक कार्यकर्ता ने बताया था की पुंछ थाने में पुंछ निवासी फ़रज़ाना कौसर एवं जम्मू निवासी रिंकू नमक प्रेमी जोड़े की तीन दिन से पुलिश द्वारा पिटाई की जा रही है और थाने के बहार तक दर्दनाक चीखो की आवाजे आ रही है. फ़ोन करने वाले ने यह भी बताया की उक्त जोड़ा सार्वजनिक रूप से आखरी बार 16 सितम्बर को साम 7 बजे करीब दिल्ली की तिश हज़ारी कोर्ट स्थित पुलिश चौकी में देखा गया था और इन्हे वकीलों के चेम्बरो के पाश से कुछ वर्दी धारी व बिना वर्दी के लोग झपट-पकड़ कर वहा लाये थे. उसके अगले दिन

से ही इनकी पिटाई की चीखों से पुंछ थाने के आसपास का छेत्र थर्राहा रहा था.

तब श्री सचदेव ने पुंछ के वरिष्ठ पुलिश अधीक्षक श्री जे एस जोहर के निवास नंबर 01965220399 व् कार्यालय नंबर 01965220408 पर संपर्क किया था परन्तु कार्यालय से उनके बैठक में व्यस्त होने की जानकारी दी गई इसके बाद उनके मोबाइल नंबर 09419012537 पर संपर्क किया गया और श्री जोहर ने जोड़े की थाने में होने की बात स्वीकार की परन्तु मार पिट के बारे में कहा की सम्बंधित थाना अध्यक्ष से पूछो वही बात पाएगा.श्री जोहर ने कहा की पीडीपी और लोकल्स का भरी दबाव है और थाने को चारो तरफ से भीड़ ने घेरा हुआ है उन्होंने रिंकू के विरुद्ध फ़रज़ाना कौशर का अपहरण करने का केस दर्ज़ होने की बात भी कही और जब उन्हें बताया गया की मॉंननीय सुप्रीम कोर्ट के निर्देश जो क्रिमिनल अपील नंबर 958/2011 में दिए गए है के अनुसार ऐसा केस दर्ज़ ही नहीं हो सकता तो उन्होंने कहा की 164 के बयान से साफ़ हो जायेगा जब उनका ध्यान सुप्रीम कोर्ट के निर्देश क्रिमिनल अपील नयम्बर 1142/2013 की और दिलाया गया की अब 161 या 164 की आवश्यकता ही नहीं है तब श्री जोहर ने कहा की मुझे ज्यादा कानून न पढ़ाओ में जो भी कर रहा हूँ और जो भी करूँगा लॉ फुल जरूरतें पूरी करते हुवे होगा .

पूँछ पुलिस ने उड़ाई संसद, संविधान, सुप्रीम कोर्ट और सरकारी आदेशों की धज्जियाँ

तब लव कमांडोज़ के चेयरमैन श्री संजोय सचदेव ने पुंछ के वरिष्ठ पुलिश अधीक्षक श्री जे एस जोहर से कहा की लव कमांडोज़ तब पाकिस्तान सीमा से सटे इस संवेदनशील जिले पुंछ में हो रही पुलिश बर्बरता का मामला देश की जनता खासकर नौजवान प्रेमी-प्रेमिकाओं के बीच ले जाएगा और यदि देश भर में विरोध हुवा तो उसकी जिम्मेवार जम्मू कश्मीर सरकार होगी. इसपर श्री जोहर बोले इंडिया में जो मर्जी हो हमें फर्क नहीं पड़ता और यहाँ आई पी सी नहीं आर पी सी चलती है वहीँ सुप्रीम कोर्ट के ऑर्डर आई पी सी और सी आर पी सी तक ही लागु है. और श्री जोहर ने आगे बात किये बिना फ़ोन काट दिया. दरअसल इस प्रकार अभद्रता पूर्वक जनता के किसी व्यक्ति के विरुद्ध किया जाना नौकरी के नियमों का गंभीर उलंघन है और ऐसे कर्मचारी अधिकारी के विरुद्ध तत्काल कड़ी कार्यवाही किये जाने के निर्देश भारत सरकार द्वारा जारी ऑफिस मेमोरेंडम नम्बर G.I., M.H.A., O.M. No. 14/9/66-Ests.(A)-1, दिनांक 3 अगस्त, 1966. में निहित है .अब जब सोनिआ श्री सचदेव के सामने अपने दस्तावेजो के साथ रोते हुवे आई तो उन्हें समझ आया की ये तो वही मामला है क्यूंकि फ़रज़ाना कौशर ने मुश्लिम धरम से हिन्दू धरम में परिवर्तित होकर के अपना नाम सोनिआ शर्मा करलिया था और अपने प्रेमी रिंकू कुमार निवासी खौर जिला जम्मू से 7 सितम्बर 2015 को आर्य समाज विवाह मंदिर ट्रस्ट में हिन्दू रीती से विवाह करने के बाद माननीय न्यायिक अधिकारी रजिस्ट्रार हिन्दू मर्रिज गाज़ियाबाद से शादी पंजीकृत भी करवा ली थी तब से ये दोनों पति पत्नी की तरह रह रहे थे और 16 सितम्बर को जब ये अपने वकील से मिलने तीस हज़ारी अदालत स्थित उसके चेम्बर की और जा रहे थे तो पहुचने से पहले ही जम्मू कश्मीर पुलिश की टुकड़ी और फ़रज़ाना कौशर उर्फ़ सोनिया शर्मा के भाई एवं परिजनों ने उन्हें दबोच लिया जिसे देख किसी वकील ने पी सी आर को कॉल करदी थी जिसपर तीस हज़ारी कोर्ट स्थित पोलिश चौकी का स्टाफ सभी को वहा ले आया थाइस के बाद पुलिस ने प्रयाश कर के एक मेट्रो पल्टन मजिस्ट्रेट श्री सचिन सागवान के घर पर रात्रि दस बजे प्रेमी जोड़े को पेश किया.मजिस्ट्रेट के सामने सिर्फ पुलिस अधकृ और प्रेमी जोड़ा ही मौजद था न तो कोई सरकारी वकील और न ही लीगल ऐड द्वारा प्रेमी जोड़े को दिया गया कोई वकील दिल्ली पुलिस के थाने सब्जी मंडी का असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर योगेश कुमार जो इन सब को वहा लाया था ने मजिस्ट्रेट को बताया की कथित अभियुक्त रिंकू शर्मा व पिड़ता फरजाना कौसर तीस हजारी अदालत दिल्ल्ली में मौजद थे जब जम्मू कश्मीर के पुलिस थाना पूँछ के पुलिस ने आकर दवा किया की रणवीर पैनल कोर्ट की धारा ३६६ अवं १०९ मुकदमा संख्या १२६/२०१२ में वांच्छित है अवं उसे गिरफ्तरा कर लिया है योगेश ने यह भी बताया की उसने जम्मू पुलिस के अधिकारियो के पाचन पत्रो की जांच कर ली है. जम्मू पुलिस के सब इंस्पॉक्टर ने ऑफ आई आर के प्रति मजिस्ट्रेट को सोपि जो के उर्दू में थी.उसने एक अर्जी दी कि सम्बधित न्यायालय के समख प्रस्तुतत करने के लिए ट्रांजिट रिमांड दिया जाये क्योकि दिल्ली से जम्मू बस द्वारा ८ घंटे लगगे और उस के बाद पूँछ पूछन में और ७ या ८ घंटे.मजिस्ट्रेट ने अपने आदेश में लिखा की उन्होंने पिड़ता से बात की है जसने बताया की वो बालिग है और उसने अपनी इचा से कथित अभियुक्त से आर्य समजा मंदिर गाजियाबाद में मुस्लिम धरम छोड़ कर हिन्दू धरम स्वीकार करते हुए अपना नाम सोनिया कर लिया और शादी की है.दोनों ने मजिस्ट्रेट को अपने जान पर खतरे के विषय में जान करी दी.चूकि मजिस्ट्रेट की मदद के लिए कोई वकील मौज़ूद नहीं था और किसे ने माननीय सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देहसो की और उनका धयान नहीं दिलाया. गोर तलब है की सुप्रीम कोर्ट अपने क्रिमनल अपील नो ९५८/२०११ के निर्देश देश के हर जिले के कलक्टर अवं पुलिस अधीक्षक को भेज चूका है ताकि उनका सख्ती से पालन हो परन्तु न तो मजिस्ट्रेट और नहीं किसी पुलिस अधिकारी ने आदेश के परा १६,१८,१९,२०,२२ की और धयान दिया वरना ऐसी िस्थति नहीं आती.सुप्रीम कोर्ट के उकत आदेश के अनुरूप प्रेमी जोड़े को तत्काल आजाद कर दिया जाना चाहिए था और जिले के कलक्टर व पुलिस अधिकांश को सस्पेंट कर सह अभियुक्त बनाते हुए गिरफ्तार करने के साथ साथ रिपोर्ट दर्ज करवाने वाले परिजनों की गिरफ़्तारी होनी चाहिए थी,परन्तु मजिस्ट्रेट और पुलिस की चूक के चलते ऐसा नहीं हुआ.पुलिस रिंकू और सोनिया को सीधे पूछ थाने ले गई और १७ सेप्तम्बर से १९ सेप्तम्बर तक उनकी चीखो की आवाज से पूछ थाना ढलता रहा जब की पूछ पुलिस के दरिंदे अधिकारी बेशर्मी और बेहायए से प्रेम और प्रेमिका के निर्मम पिटाई करते रहे. सोनिआ ने बताया की उसे पूँछ की एक अदालत में ले जाया गया जहाँ भी उसने रिंकू से शादी की बात बताई तो उसका बयान न ले कर दोबारा लाने का कह दिया. इतना ही नहीं उसे उसके पिता आदि को सपुरदारी पर सौंप दिया गया मानो वह कोई जान नहीं वास्तु हो. पैतृक घर पर भी उसकी पिटाई की गई. सोनिआ के घुटनों पर गेंरे घावों के निशान हैं. सोनिआ ने बताया की २० सितम्बर की रात उसके सर पर पिस्तौल तान कर २०१४ की तिथि में ऊके कजिन जिसे

वह भाई मानती है से उसके निकाह के कागज़ात बना डाले गए. आखिर पिटाई से परेशान सोनिआ छुप हो गयी तो ३ अक्टूबर को उसे एक अदालत में ले जाने की तैयारी की गई. इसी बीच उसके प्रेमी पति को १५ दिन थाने में पिटाई के बाद पूँछ जेल में भेज दिया गया. २ अक्टूबर की रात को वह घर से छुप के निकल आई और किसी मंदिर में छुप गई. सुबह खेतों जंगलों से निकल कर सढक पर आ कर जम्मू के लिए बस ले ली और जम्मू के एक मंदिर में छुप गई. उसकी कोशिश थी की वह किसी तरह जम्मू हाई कोर्ट में गुहार लगा कर अपने पति को छुरा सके और दोनों की जान बचा सके. उसके परिजनों ने दोनों को जान से मारने की धमकी दी हुई है. लेकिन कोर्ट की जाते हुए उसे अपने रिश्तेदार दिख गए और वह फिर छुप गयी. उस मंदिर में बैठे बैठे उसे आमिर खान का शो याद आया सत्यमेव जयते और उसने एक दर्शनार्थी से अनुरोध किया की वह अपने मोबाइल से लव कमांडो का नंबर ढूंढ दे. और उस नंबर पर बात करने के बाद सोनिआ लव कमांडो तक पहुंची है. उसका पति जेल में, परिजन जान के पीछे, साधन नहीं और प्रेम की लम्बी और मज़बूत लड़ाई को तैयार सोनिआ अब पूरे देश के सामने इस सचाई को लाना छाहती है की किस तरह उस पूँछ जहाँ से रोशन भारत पाकिस्तान के बीच गोलिआं चलने की ख़बरें आती हैं वहां प्यार को जीने नहीं दिया जा रहा. घायल सोनिआ एक शेरनी की तरह अपने पति के प्राणों की रक्षा और उसकी सलामती के साथ पुनर मिलाप छाहती है. उधर पिछले ४ दिन से रिंकू के पिता पूँछ पुलिस की अवैध हिरासत में हैं , सोनिआ की एकमात्र आशा लव कमांडो पर टिकी है. लव कमांडो ने उसे अपने एनसीआर के एक शेल्टर में जगह दी है और उसका ध्यान कर रहें हैं , लव कमांडो जल्द ही मामले तो राष्ट्रपति, प्रधान मंत्री, ग्रह मंत्री, मानवाधिकार आयोग, महिला आयोग सहित तमाम जगह ले जाएगा , * खबर के साथ आई एन वी सी का सहमत होना आवश्यक नहीं हैं ।

URL : https://www.internationalnewsandviews.com/love-commandos-news-of-lovecommandos-lovecommandos-news-sanjay-sachdev-love-commandoslove-commandos-sanjay-sachdevsanjay-sachdev-journalist/

INTERNATIONAL NEWS AND VIEW CORPORATION
INVC
अंतरराष्ट्रीय समाचार एवं विचार निगम

12th year of news and views excellency

Committed to truth and impartiality

Copyright © 2009 - 2019 International News and Views Corporation. All rights reserved.